यदि इस दस्तावेज और अंग्रेजी/चीनी संस्करण के बीच कोई असंगति या विवाद है, तो अंग्रेजी/चीनी संस्करण प्रभावी होगा।

# वित्तीय स्वास्थ्य

## अपने क्रेडिट का प्रबंधन

क्रेडिट का प्रबंधन करना आपके लिए महत्वपूर्ण है। आपके लिए आवश्यक लचीलापन आपको देकर क्रेडिट जीवन को आसान बनाता है। चाहे आप कोई अवकाश ले रहे हैं, खरीदारी कर रहे हैं, या किसी आपात स्थिति का सामना कर रहे हैं, क्रेडिट आपके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। और, अपने क्रेडिट का प्रबंधन बुद्धिमानी के साथ करने से यह सुनिश्चित होता है कि जब आप चाहते हैं तब आपके पास क्रेडिट होगा।

समय के साथ स्वस्थ क्रेडिट प्रोफाइल का प्रबंधन करना महत्वपूर्ण होता है। क्योंकि अधिकांश ऋणदाता क्रेडिट संदर्भ एजेंसियों को आपके खाते की गतिविधियों की रिपोर्ट देते हैं जैसा कि उपभोक्ता क्रेडिट डेटा पर लागू कार्य संहिता द्वारा अनुमत है, एक स्वस्थ क्रेडिट रिकॉर्ड आपकी संपूर्ण वित्तीय तस्वीर और समग्र क्रेडिट प्रोफाइल को बढ़ाता है। अगली बार जब आप किसी कार लोन के लिए या बंधक ऋण (मॉरगेज) के लिए आवेदन करेंगे, तो आप खुश होंगे कि आपने ऐसा किया है।

प्रभावी ढंग से अपने क्रेडिट का प्रबंधन करना ज्यादा व्यक्तिगत विकल्प और कहीं अधिक वित्तीय स्वतंत्रता की तरफ ले जाता है लेकिन साथ ही ये बुद्धिमत्तापूर्ण चुनाव करने की जिम्मेदारी के साथ आता है।

## अपनी वित्तीय स्थिति बेहतर करना

यहां पर अपने वित्तीय मामलों पर नियंत्रण रखने और क्रेडिट को आपके लिए, न कि आपके खिलाफ काम करने देने के लिए कुछ टिप्स हैं।

- एक बजट रखें। सुनिश्चित करें कि आप जानते हैं कि क्या अंदर आ रहा है और क्या बाहर जा रहा है। इस तरीके से आप खराब आश्चर्यों से बचे रहेंगे।
- आवेग में आकर खरीदारी करने से बचें। यदि आपको संपूर्ण नकद में भुगतान करना पड़े, तो क्या आप यह खरीदारी करेंगे?
- खरीदने से पहले (किफायती दाम की) "पतासाजी करना" आदत का मामला है। क्रेडिट के अन्य उपलब्ध रूपों के साथ लागतों और मूल्य की तुलना किए बगैर – क्रेडिट का कोई भी रूप प्राप्त न करें।
- आवेदन पर हस्ताक्षर करने से पहले हमेशा क्रेडिट सुविधा के नियमों और शर्तों को पढ़ें और समझें।
- किसी ऋण पर सह-हस्ताक्षर करने या दूसरों की ओर से किसी ऋण की गारंटी लेने में सावधान रहें। याद रखें कि यदि मूल कर्जदार भुगतान करने में विफल रहता है तो आपको ऋण का भुगतान करना पड़ सकता है। कर्जदार से पूछें कि ऋण की शर्तें क्या हैं, उसकी आय क्या है और आमतौर पर खुद को संतुष्ट करें कि कर्जदार

के पास ऋण चुकाने के साधन हैं। शामिल जोखिमों को जानें ताकि आप एक जानकारीयुक्त और समझदार निर्णय ले सकें।

- क्रेडिट का इस्तेमाल सावधानी से करें। आपको अपनी पुनर्भुगतान क्षमता का आकलन करना चाहिए और अति-उधारी से बचना चाहिए (केवल तभी उधार लें जब आप चुका सकें)। किसी भी ऋण के लिए आवेदन करने से पहले, क्या आपके पास अपनी वित्तीय स्थिति, दैनिक खर्च और वास्तविक उधारी जरूरतों की स्पष्ट समझ है? क्या आप अपने उद्देश्य के लिए सही प्रकार के क्रेडिट का उपयोग कर रहे हैं? क्या आप क्रेडिट के आवश्यकता से अधिक महंगे प्रकार का उपयोग कर रहे हैं? आपको वास्तव में कितने क्रेडिट कार्ड की जरूरत है? क्या आप उन्हें महज इसलिए इस्तेमाल कर रहे हैं क्योंकि वे आपके पास हैं?

## वित्तीय योजना

यदि आप भविष्य के लिए, घर खरीदने या रिटायरमेंट के लिए बचत करना चाहते हैं, तो अपने बैंक से बात करें या उनकी वेबसाइट पर जाएं जो योजना की सलाह और साधन प्रदान करते हैं। इनमें से कई वेबसाइटें हांगकांग बैंक एसोसिएशन (www.hkab.org.hk) से जुड़ी हैं। इसके अलावा, आप https://www.ifec.org.hk/web/en/ पर निवेशक और वित्तीय शिक्षा परिषद की वेबसाइट से समान उपयोगी साधन (टूल्स) और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## खतरे के संकेत

क्रेडिट कार्ड के ऊंचे कर्ज से लेकर घर गिरवी रखने के पुनर्भुगतान में चूक जैसी वित्तीय समस्याएं, जरूरी नहीं है कि खराब वित्तीय प्रबंधन का परिणाम हों। कभी-कभी वित्तीय परिस्थितियां आपके नियंत्रण से बाहर होते हैं। इस कारण के बावजूद, धन की समस्याओं के बारे में चिंता आपके कामकाजी जीवन और पारिवारिक जीवन दोनों को प्रभावित कर सकती है।

अक्सर आप किसी वित्तीय परेशानी के संकेत नहीं देख सकते जब तक कि बहुत देर न हो जाए। लेकिन व्यक्तिगत वित्तीय संकट रातोंरात पैदा नहीं होते। ऐसे कई चेतावनी संकेत होते हैं जो इंगित करते हैं कि ऋण की समस्या नियंत्रण से बाहर हो रही है।

उदाहरण के लिए, क्या आप:

- नियमित रूप से केवल अपने बिलों पर देय न्यूनतम राशि का भुगतान कर रहे हैं?
- किसी ऊंची ब्याज वाले ऋणदाता से उधार लेकर ऋणों का समेकन कर रहे हैं?
- पैसा बचाना या अपनी बचतों से अपने दैनिक खर्चों का समय पर भुगतान करना असंभव लग रहा है?
- बुनियादी खर्चों को पूरा करने के लिए दोस्तों और रिश्तेदारों से उधार ले रहे हैं?

यदि आपने इनमें से किसी भी प्रश्न का उत्तर "हां" में दिया है, तो संभवतः आप गंभीर वित्तीय परेशानी की तरफ बढ़ रहे हैं।

## वित्तीय मुश्किलों का मुकाबला करना

कर्ज से बाहर निकलने का कोई आसान तरीका नहीं है। कुछ विज्ञापन इस बात का प्रचार करते हैं कि दिवालियापन खुद को ऋण से मुक्त करने का आसान तरीका है। हालांकि दिवालियापन के दुष्परिणाम दूरगामी हैं और वित्तीय समस्याओं को हल करने का अंतिम उपाय होना चाहिए। हकीकत में, कई दिवालियेपन से बचा जा सकता है, साथ ही उनसे जुड़े कलंक से भी। ये कुछ संभावित विकल्प हैं:

इसे खुद ठीक करें:

- आप बस अपने पैसे का प्रबंधन अधिक सावधानी से करके अपनी ऋण समस्या को हल करने में सक्षम हो सकते हैं। उन क्षेत्रों को देखें जहां पर आप अपने खर्चों में कटौती कर सकते हैं, और उस पैसे का उपयोग अपने ऋण को कम करने में करें।
- भुगतानों को कम करने के लिए अपने घर, कार या व्यक्तिगत ऋण को पुनर्वित्त या पुनर्गठित (रीफाइनेंस या रीस्ट्रक्चर) करवाएं।
- अपने या अपने जीवनसाथी के लिए पार्ट-टाइम नौकरी पर विचार करें।

अपने ऋणदाताओं से बात करें:

- आपको सबसे पहले अपने ऋणदाताओं को कॉल करना चाहिए। यदि आप जल्द कार्रवाई करते हैं और सलाह लेते हैं तो ऋण समस्याएं हल करना आसान है। देर करने से समस्याओं का अंबार लग जाता है।
- जब कोई वास्तविक वित्तीय कठिनाई है, तो यह ऋणदाता के हित में, साथ ही साथ आपके हित में भी है, कि कोई समाधान ढूंढा जाए। ऋणदाता आपके भुगतान की अवधि बढ़ा सकते हैं, या यदि आपने एक से अधिक ऋणदाताओं से पैसा लिया है तो आपको अपने अन्य ऋणदाताओं के साथ ऋण वसूली की गतिविधियों को रोकने और आपके ऋण का समेकन या पुनर्वित्त (रीफाइनेंस) के लिए समन्वय करने में मदद कर सकते हैं।

## अंतरबैंक ऋण राहत योजना

यदि आपके पास विभिन्न वित्तीय कर्जदाताओं से ऋण हैं, तो अपने वित्तीय कर्जदाताओं से अंतरबैंक ऋण राहत योजना का अनुरोध कर सकते हैं। वे साथ मिलकर काम करेंगे और तय करेंगे कि, उधार ली गई बकाया राशि के अंतिम समापन की दिशा में आपके उपलब्ध वित्तीय संसाधनों को अधिकतम करने का प्रयास करते हुए, आपको एक घरेलू बजट जिसके भीतर आप रह सकें, की अनुमति देने के उद्देश्य के साथ, क्या किसी प्रस्ताव पर पहुंचा जा सकता है।

एक अंतरबैंक ऋण राहत योजना आपकी मदद कर सकती है:

- बगैर किसी शुल्क या प्रभारों को वहन किए, मासिक पुनर्भुगतानों और अपने असुरक्षित ऋण पुनर्भुगतानों की शर्तों पर फिर से बातचीत करना;
- इन पुनर्भुगतानों को मिलाना और एकल मासिक किस्त के रूप में उनका भुगतान करना;

- कलेक्शन एजेंटों की कार्रवाई, वेतन रोके जाने, या कानूनी कार्रवाइयों से बचना;
- दिवालियेपन और कर्जदारों के लिए इसकी अंतर्निहित समस्याओं जैसे कि भविष्य में क्रेडिट प्राप्त करने में कठिनाई, यात्रा पर प्रतिबंध, इत्यादि से बचना;
- वित्तीय स्थिरता की ओर जाने वाली राह पर भरोसा करें; और
- एक सकारात्मक भविष्य का क्रेडिट ट्रैक रिकॉर्ड बनाएं।

जरूरत पड़ने पर पहले कदम के तौर पर, आपको अपने प्रमुख वित्तीय कर्जदाताओं में से एक से संपर्क की शुरुआत करनी चाहिए। आपके साथ आरंभिक बैठक में, वित्तीय कर्जदाता आपको शामिल प्रक्रिया के बारे में, और आपकी सहमति से आपको कर्जदाता को कौन सी जानकारी और दस्तावेज प्रदान करने के लिए कहा जाएगा, इस बारे में बताएगा। यदि वित्तीय कर्जदाता कोई अंतरबैंक ऋण राहत योजना पर सहमत होते हैं, तो आपको समीक्षा करने और तय करने के लिए समय दिया जाएगा कि प्रस्ताव को स्वीकार करना है या नहीं।

**"अंतरबैंक ऋण राहत योजना आपके लिए दिवालियापन से बेहतर काम कर सकती है!"**

## दिवालियापन

दिवालियापन के लिए दाखिला एक विकल्प बना हुआ है जिसे आप, अपना सकते हैं, और केवल तभी, जब आपके पास उपरोक्त सभी विकल्प समाप्त हो जाएं। एक बार आपके दिवालियेपन की स्थिति से अवगत होने के बाद, आपके कर्जदाता अपनी ऋण वसूली गतिविधि रोक देंगे और आपकी वित्तीय स्थिति का मूल्यांकन करने और आपके वित्तीय मामलों की निगरानी के लिए दिवालियेपन में एक ट्रस्टी की नियुक्ति की जाएगी तब तक के लिए जब तक कि आप मुक्त नहीं हो जाते। हालांकि, यह विकल्प क्रेडिट के आधार पर सबसे कम वांछित है और लागत वाला है। एक नुकसान यह है कि यह लंबे समय तक आपकी क्रेडिट रिपोर्ट में प्रदर्शित हो सकता है। दूसरा नुकसान यह है कि आपको भविष्य में वित्तपोषण हासिल करने में दिक्कत हो सकती है और खासतौर पर आपको क्रेडिट कार्ड, उपभोक्ता वित्तपोषण प्राप्त करने या गिरवी वित्तपोषण (मॉरगेज फाइनेंस) के तरीके से संपत्ति खरीदने में कठिनाई हो सकती है।

## दिवालियेपन के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

### मुझे दिवालियापन दाखिल करने की तैयारी के लिए क्या करना चाहिए?

कोई निर्णय लेने से पहले अपने बैंकों या वित्तीय या कानूनी सलाहकार से परामर्श करना उचित रहेगा। वे आपको अपनी वित्तीय स्थिति का मूल्यांकन करने में मदद कर सकते हैं और आपको यह तय करने में सहायता करने के लिए तथ्य उपलब्ध कराएंगे कि क्या दिवालियापन आपके लिए सबसे सही विकल्प है। कुछ खास चीजों का उल्लेख करना उचित है:

- यदि आप दिवालियापन दाखिले का इरादा रखते हैं, तो आपको अपना क्रेडिट कार्ड उपयोग करना बंद करना चाहिए। यदि आपने चुकाने के बजाय ऋण का निर्वहन दिवालियेपन में करने के खास इरादे के साथ दिवालियापन से पहले पैसे उधार लिए हैं, तो हो सकता है ऋण निर्वहन योग्य न हो। कुछ परिस्थितियों में, आप धोखाधड़ी के दोषी हो सकते हैं।
- परिसंपत्तियों को कर्जदाताओं से बचाने के लिए अपनी परिसंपत्तियों को दोस्तों, परिजनों और व्यावसायिक सहयोगियों को हस्तांतरित न करें। हस्तांतरण को धोखाधड़ी माना जा सकता है। यदि ऐसा है, तो आप परिसंपत्तियों और दिवालियेपन से डिस्चार्ज होने के अपने अधिकार दोनों से हाथ धो बैठेंगे। साथ ही, आपने एक दण्डनीय अपराध किया हो सकता है।
- कोई व्यावसायिक या वित्तीय रिकॉर्ड नष्ट न करें। इसके परिणामस्वरूप आप दिवालियेपन से डिस्चार्ज होने का अपना अधिकार गंवा सकते हैं और कोई दण्डनीय अपराध कर सकते हैं।

**दिवालियेपन के आदेश के क्या दुष्परिणाम हैं?**

दुष्परिणाम दूरगामी हो सकते हैं और इनमें शामिल हैं:

- आपको, एक कर्जदार के रूप में, अदालत को अपनी सभी परिसंपत्तियों और ऋणों का खुलासा करने और सभी गैर-छूट वाली परिसंपत्तियों को ट्रस्टी को सौंपने की आवश्यकता होती है जो कि फिर उन्हें आपके कर्जदाताओं को बांटने के लिए नकद में बदलेगा।
- आपको अपनी व्यक्तिगत आमदनी में से अपने कर्जदाताओं के लाभ के लिए योगदान देने की आवश्यकता हो सकती है।
- यदि आपके पास अपना घर है, तो आपको ऋण चुकाने के लिए उसे बेचने की आवश्यकता हो सकती है।
- आपको ट्रस्टी को सूचित करना होगा कि आप हांगकांग छोड़ना चाहते हैं और ट्रस्टी की मांग पर हांगकांग लौटना होगा।
- आपको अपने क्रेडिट कार्ड का उपयोग, साथ ही साथ बैंकों और अन्य वित्ताय संस्थानों के साथ खातों को तुरंत बंद करना होगा। हालांकि, अनंतिम ट्रस्टी / ट्रस्टी की अनुमति से, आप आय प्राप्त करने के लिए कोई एकल खाता खोल सकते हैं।
- कर्जदाताओं को यह बताए बगैर कि आप एक डिस्चार्ज न हुए दिवालिया हैं, आप HK$100 या अधिक का क्रेडिट प्राप्त नहीं कर सकते।
- आप कुछ सार्वजनिक कार्यालयों में पद प्राप्त करने और कोर्ट द्वारा छूट दिए बगैर किसी कंपनी निदेशक के रूप में कार्य करने से अयोग्य करार दिए जा सकते हैं।
- आप अपने किसी खास रोजगार के लिए पात्र होने से रोके जा सकते हैं।
- दिवालियापन आपकी क्रेडिट रिपोर्ट में 8 वर्षों और कई बार और लंबे समय तक के लिए रहता है। परिणामस्वरूप, आपको भविष्य में क्रेडिट प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है। आपको मिलने वाला कोई भी क्रेडिट संभावित रूप से ब्याज दरों और शुल्क के मामले में ज्यादा महंगा पड़ सकता है।

**क्या मेरे नियोक्ता को मेरे दिवालियेपन के बारे में पता चल जाएगा?**

दिवालियापन सार्वजनिक रिकॉर्ड का मामला है। इसके अलावा, कुछ परिस्थितियों में, आपको अपने नौकरी के आवेदन में अपने नियोक्ताओं को अपने वर्तमान या पूर्व के दिवालियेपन के बारे में खुलासा करने की आवश्यकता हो सकती है।

**क्या मुझे अपनी सारी परिसंपत्तियों का खुलासा अदालत को करना होगा?**

हां। यदि आप जानबूझकर और धोखाधड़ीपूर्वक अदालत से कोई परिसंपत्ति छिपाते हैं, तो आपने एक दण्डनीय अपराध किया है और अदालत द्वारा आपको कारावास की सजा दी जा सकती है। इसके अलावा, अदालत आपके दिवालियेपन से डिस्चार्ज (मुक्ति) को और 4 सालों के लिए निलंबित कर सकती है।

**क्या मैं 4 साल बाद अपने आप डिस्चार्ज (मुक्त) हो जाऊंगा/गी?**

सामान्य परिस्थितियों के तहत, 4 साल के बाद दिवालियेपन से मुक्त हो जाते हैं। हालांकि, डिस्चार्ज (मुक्ति) अपने आप नहीं आता। कुछ परिस्थितियों में कर्जदाता आपके डिस्चार्ज पर आपत्ति कर सकते हैं और दिवालियेपन की अवधि 8 वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है।

## संपर्क जानकारी

### हांगकांग बैंक एसोसिएशन

रूम 525, प्रिंस बिल्डिंग
सेंट्रल हांगकांग
टेलीफोन: 2521 1169        फैक्स: 2868 5035
ईमेल: info@hkab.org.hk

### DTC एसोसिएशन

यूनिट 1704, 17/F., बोनहम ट्रेड सेंटर,
50 बोनहम स्ट्रेंड ईस्ट,
शेयुंग वान, हांगकांग
टेलीफोन: 2526 4079        फैक्स: 2523 0180
ईमेल: dtca@dtca.org.hk

**हांगकांग S.A.R. लाइसेंस्ड मनी लेंडर्स एसोसिएशन लिमिटेड**

21/F., एलायड काजिमा बिल्डिंग,
138 ग्लोसेस्टर रोड,
वांचाई, हांगकांग
टेलीफोन: 2827 8281 फैक्स: 2827 8292
ईमेल: enquiry@lmla.com.hk

**हांगकांग मौद्रिक प्राधिकरण**

55/F., टू IFC,
8 फाइनेंस स्ट्रीट,
सेंट्रल हांगकांग
टेलीफोन: 2878 8196 फैक्स: 2878 8197
ईमेल: publicenquiry@hkma.gov.hk

**उपभोक्ता परिषद**

22/F., K. वाह सेंटर,
191 जावा रोड,
नॉर्थ पॉइंट, हांगकांग
टेलीफोन: 2856 3113 फैक्स: 2856 3611
ईमेल: cc@consumer.org.hk

हांगकांग बैंक एसोसिएशन, DTC एसोसिएशन और हांगकांग S.A.R. द्वारा संयुक्त रूप से जारी लाइसेंसशुदा ऋणदाता संघ (लाइसेंस्ड मनी लेंडर्स एसोसिएशन) और हांगकांग मौद्रिक प्राधिकरण द्वारा समर्थित। उपभोक्ता परिषद उपभोक्ताओं को अस्थिर ऋणग्रस्तता की समस्याओं के बारे में सूचित करने के उद्योग के प्रयासों का समर्थन करती है और वित्तीय स्वास्थ्य के महत्व की सार्वजनिक जागरूकता के प्रचार का स्वागत करती है।